अग्रवाल वैश्य समाज व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के संयुक्त तत्वधान में एक विशाल रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया

अटल हिंद/योगेश गर्ग

फरीदाबाद। शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में अग्रवाल वैश्य समाज व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के संयुक्त तत्वधान में एक विशाल रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डी0 आर0 शर्मा महासचिव इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 विनय गुप्ता सिविल सर्जन बल्लभगढ़ व विशिष्ट अतिथि डॉ0 गजराज, डिप्टी सिविल सर्जन फरीदाबाद और डॉ0 अरुण कुमार सिंघल, चिकित्सा अधिकारी, ई एस आई फरीदाबाद रहे। इस पुण्य कार्य की शुरुआत शहीद श्री जय भगवान जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्डी0 आर0 शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0

विनय गुप्ता व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकांत गुप्ता अग्रवाल वैश्य समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया डी0 आर0 शर्मा ने प्रदेश व जिलों में होने वाली रेड क्रॉस की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया और उन सभी सुविधाओं से अवगत कराया जो समाज के आम लोगों को रेडक्रॉस द्वारा मुहैया कराई जा रही है। डॉ0 विनय गुप्ता ने कहा कि कैंसर पीड़ितों का दर्द असहनीय होता है तभी डी0 आर0 शर्मा जी ने कहा कि आप जिले में कैंसर पीड़ितों की सूची तैयार कीजिए उनके इलाज में जो पैसा लगेगा उसको रेड क्रॉस की शाखा वहन करेगी व लक्ष्य अग्रवाल जी की याद में और भी कई वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने वृक्षारोपण व रक्तदान शिविर दोनों कार्यक्रमों को एक साथ आयोजन करने का कारण बताया कि वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन व दान से मिला रक्त दोनों ही जीवन को बचाने का कार्य करते हैं। महाविद्यालय की टीम बाती ने कोरोना से बचाव का संदेश देने के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में लक्ष्य अग्रवाल जी के पिता श्री सुनील मंगला चाचा दिनेश मंगला, माता श्रीमती कविता मंगला जी एवं अग्रवाल वैश्य समाज से ओकेदारनाथ अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, रमेश अग्रवाल व राजू गुप्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है की रक्तदान शिविर में 77 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन युवा रेडक्रॉस के समन्वयक डॉ0 जयपाल सिंह जी ने किया व मंच संचालन का कार्य सुश्री सुप्रिया ढांडा जी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ? केएल कौशिक, डॉ? नरेश कामरा, श्रीमति कमल टंडन, डॉ? मनोज शुक्ला और अन्य सभी शिक्षक और गैर शिक्षक सदस्यों का सक्रिय योगदान

9:02 AM

रक्त दान
महा दान
अनमोल दान
!! बचायें किसी की जान - आइये करें रक्तदान !!
अग्रवाल वैश्य समाज
व
अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़
के संयुक्त तत्वाधान में
युवा समाज सेवी लक्ष्य अग्रवाल की स्मृति में
विशाल रक्तदान शिविर
मुख्य अतिथि : श्री डी. आर. शर्मा (महासचिव, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा)
समारोह अध्यक्ष : डॉ. विनय गुप्ता (सिविल सर्जन, फरीदाबाद)
शनिवार 7 अगस्त, 2021 समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
स्थान : अग्रवाल कॉलेज, मिल्क प्लांट रोड, बल्लभगढ़
Dr. Krishan Kant Gupta
Arun Kumar Singhal
Guest of Honour
AGGARWAL COLLEGE
BALLABGARH

अग्रवाल वैश्य समाज
व
अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़
के संयुक्त तत्वाधान में
Sh. D.R. Sharma
Chief Guest
Dr. Vinay Gupta
Chairperson
Dr. Krishan Kant Gupta
Principal

अग्रवाल वैश्य समाज
व
अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़
के संयुक्त तत्वाधान में
युवा समाज सेवी लक्ष्य अग्रवाल की स्मृति में
विशाल रक्तदान शिविर
AGGARWAL COLLEGE
BALLABGARH

अग्रवाल वैश्य समाज
अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़
AGGARWAL COLLEGE
BALLABGARH
Estd. 1971

बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज व अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिवि में रक्त देते शिक्षक। ● हिन्दुस्तान

अग्रवाल महाविद्यालय में 77 यूनिट रक्त एकत्र किया

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में शनिवार को अग्रवाल वैश्य समाज व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 77 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस पुनीत कार्य की शुरुआत शहीद जय भगवान की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर की गई। मंच संचालन सुप्रिया ढांडा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआर शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता अग्रवाल वैश्य समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।